हरिभूमि
हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, मंगलवार 6 अक्टूबर 2026

12 14 एकड़ खेतों के कच्चे रास्ते को पक्का करने के निर्देश



12 खेतों में हाईटेंशन लाइन नहीं लगने देंगे



एशियन गेम्स में पदक जीत कर लौटे खिलाड़ियों का किया जोरदार स्वागत



निकिता नैन को कबड्डी स्पर्धा में गोल्ड मेडल

बरवाला/उकलाना। एशियन गेम्स 2026 में भारतीय महिला कबड्डी टीम की ओर से शानदार प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक जीतने वाली हसनगढ़ की लाडली निकिता नैन के सम्मान में राजकीय कन्या उच्च विद्यालय हसनगढ़ में समारोह हुआ। इससे पूर्व उसे खुली जीप में सवार करके विजयी जुलुस निकाला गया। समारोह के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने निकिता नैन को बधाई दी। इस अवसर पर पूर्व मंत्री अनूप धानक, हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा उषा प्रियदर्शी, गांव हसनगढ़ की सरपंच मोनिका धारीवाल, खाप प्रधान रघुबीर नैन, हरियाणा महिला विकास निगम की अध्यक्षा सुनीता ढांगी, उकलाना विधायक नरेश सेलवाल, द्रोणाचार्य अवार्डी डॉ. सुनील डबास, जिला अध्यक्ष भाजपा आशा खेदड़ ने भी उसे सम्मानित किया।



स्वर्ण विजेता बॉक्सर अंकुश को पलकों पर बैठाया

हिसार। एशिएन गेम्स में स्वर्ण पदक जीतने वाले बॉक्सर अंकुश पंघाल का सोमवार को आजाद नगर समेत कई स्थानों पर गर्मजोशी से स्वागत हुआ। ढोल-नगाड़ों की थाप, गूंजते भारत माता के जयकारे, हवा में लहराते तिरंगे के बीच अपने लाडले को लोगों ने सिर-आंखों पर बिठाने का काम किया। स्वागत समारोह में भारतीय किसान यूनियन (अंबावता) के प्रदेशाध्यक्ष दिलबाग सिंह हुड्डा, जिला पार्षद सत्यवान पानू, अमरसिंह श्योराण, डॉ. रमेश चाहर, सूरजमल पनिहार, राजेश बेनीवाल, विजय जागलान, जिला पार्षद सत्यवान पानू, विकास लाठर, राजेंद्र सिंह झाझरिया, चतर सिंह सुंडा, सतबीर लौरा, देवेंद्र लौरा, जय सिंह कुंडू, राजेंद्र पचार, रामस्वरूप कस्वां और रमेश दुहन आदि मौजूद थे।



सोरखी के लाल नरेंद्र बेरवाल ने बॉक्सिंग में जीता कांस्य पदक

हांसी। जापान में आयोजित एशियन गेम्स में क्षेत्र के गांव सोरखी के इंटरनेशनल बॉक्सिंग खिलाड़ी नरेंद्र बेरवाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल कर क्षेत्र, हरियाणा और देश का नाम रोशन किया है। एशियन गेम्स में कांस्य पदक जीतकर स्वदेश लौटे नरेंद्र बेरवाल का मुंढाल पहुंचने पर विधायक विनोद भयाना ने स्वागत किया। विधायक विनोद भयाना ने कहा कि सोरखी के इस लाल ने न केवल अपने गांव और हांसी क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है, बल्कि हरियाणा और भारत का नाम भी अंतरराष्ट्रीय खेल मंच पर रोशन किया है। इस अवसर पर काफी संख्या में नरेंद्र बेरवाल का स्वागत किया तथा उनकी उपलब्धि पर खुशी जताई। पदक विजेता खिलाड़ी के सम्मान में लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

खबर संक्षेप

अग्रोहा में 7.440 ग्राम हेरोइन चिट्टा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

हिसार। सीआईए टीम ने अग्रोहा क्षेत्र में दो आरोपियों को 7 ग्राम 440 मिलीग्राम हेरोइन चिट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से नशे की खेप के अलावा एक मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दीपक और मनदीप के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार सीआईए की टीम गश्त, अपराध की पड़ताल और नशाखोरी की रोकथाम के लिए अग्रोहा क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस को नशे से संबंधित सूचना मिली। सूचना के आधार पर टीम ने कार्रवाई करते हुए मोटरसाइकिल सवार दीपक और मनदीप को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर दोनों आरोपियों के कब्जे से 7 ग्राम 440 मिलीग्राम हेरोइन चिट्टा बरामद हुआ। पुलिस ने मोटरसाइकिल को भी कब्जे में ले लिया।

क्रिकेट ग्राउंड में शराब ठेकेदार नरेश हत्याकांड में घायल धर्मबीर के बयान पर केस दर्ज

संदीप हत्याकांड में चश्मदीद थे नरेश-धर्मबीर गवाही के डर से आरोपियों ने मारीं गोलियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

कैमरी रोड स्थित बॉक्स क्रिकेट ग्राउंड में शराब ठेकेदार नरेश की हत्या के मामले में पुलिस ने अब घायल उसके साथी धर्मबीर के बयान पर केस दर्ज किया है। धर्मबीर ने पुलिस को दिए बयान में दावा किया है कि वर्ष 2022 में उसके साथी संदीप उर्फ सेठी की हत्या हुई थी। इस मामले में नरेश और वह खुद चश्मदीद गवाह थे। धर्मबीर का आरोप है कि उनकी गवाही से आरोपितों को खतरा था और इसी रंजिश के चलते रविवार रात दोनों पर ताबड़तोड़ फायरिंग की गई। हमले में नरेश की मौत हो गई, जबकि धर्मबीर भी तीन गोलियां लगने से घायल है। उधर, फायरिंग में मारे गए नरेश के शव का सोमवार शाम पोस्टमार्टम करके परिजनों को सौंप दिया गया।





15 से 16 राउंड फायरिंग, नकाबपोश बदमाशों ने बनाया था निशाना

पुलिस ने धर्मबीर के बयान के आधार पर हमलावरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हालांकि, घायल धर्मबीर का उपचार चल रहा है और उसकी हालत ऐसी नहीं है कि वह हमलावरों के बारे में अधिक जानकारी दे सके। पुलिस अब 2022 के हत्या मामले से जुड़े पहलुओं को भी खंगाल रही है और यह पता लगाने में जुटी है कि नरेश और धर्मबीर की गवाही से किन लोगों को खतरा था। रविवार रात क्रिकेट ग्राउंड में बाइक पर आए तीन नकाबपोश बदमाशों ने नरेश और धर्मबीर पर गोलियां बरसाई थीं। नरेश के माथे, सीने और हाथ में गोली लगी थी और उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। धर्मबीर जान बचाने के लिए भागा, लेकिन बदमाशों ने उसे भी निशाना बनाया और तीन गोलियां लगने से वह घायल होकर गिर गया। पुलिस के अनुसार मौके से 15 से 16 राउंड फायरिंग के साक्ष्य और जिंदा रौंद बरामद हुए थे।

क्रिकेट मैच के बाद हुआ था हमला

वारदात से करीब 20 से 25 मिनट पहले इसी ग्राउंड पर क्रिकेट मैच हुआ था। मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह में आजाद नगर थाना प्रभारी मनदीप कुमार ने भी हिस्सा लिया था। नरेश ने उनके साथ फोटो भी खिंचवाई थी। इसके कुछ ही देर बाद बदमाशों ने ग्राउंड में फायरिंग कर दी। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया है कि यह पुलिस टीम का मैच नहीं था, बल्कि वह व्यक्तिगत रूप से मैच खेलने पहुंचे थे।

पुलिस की कई टीमें जांच में जुटीं

आजाद नगर थाना पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद हमलावरों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए जांच तेज कर दी है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ-साथ 2022 के संदीप उर्फ सेठी हत्याकांड से जुड़े लोगों और गवाही के पहलू की भी जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के दौरान सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

हर्ष फायरिंग में मौत मामला

एएसआई सुरेंद्र से वारदात में इस्तेमाल बंदूक-कार बरामद

नारनौंद। गांव सिंघवा खास में 23 सितंबर को जलवा पूजन के दौरान हर्ष फायरिंग में दिल्ली पुलिस के कांस्टेबल अमरजीत की मौत के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। तीन दिन के पुलिस रिमांड के दौरान मुख्य आरोपी हरियाणा पुलिस के एएसआई सुरेंद्र की निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त डोगा बंदूक, पांच कारतूस और गाड़ी बरामद कर ली गई है।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि गोली चलने के बाद उसने बंदूक और गाड़ी गांव के एक बंद पड़े मकान में छिपा दी थी और खुद भिवानी भाग गया था। बांस थाना प्रभारी जय सिंह के अनुसार, आरोपी से हथियार व वाहन बरामद कर लिए गए हैं और उसे मंगलवार को अदालत में पेश किया जाएगा। इस मामले में दूसरे आरोपी मनोज को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है। गौरतलब है कि गांव सिंघवा खास में आयोजित जलवा पूजन कार्यक्रम के दौरान डीजे पर डांस करते समय अचानक चली गोली से अमरजीत घायल हो गए थे, जिनकी बाद में उपचार के दौरान हिसार के निजी अस्पताल में मौत हो गई थी।

मृत पिता के फर्जी साइन से किरायानामा बनाकर जायदाद हड़पने का किया प्रयास

- पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल, दो मोबाइल भी बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

जायदाद हड़पने की नीयत से मृत व्यक्ति के फर्जी हस्ताक्षर कर किरायानामा तैयार करने के मामले में सिविल लाइन पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से असल फर्जी किरायानामा और दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। मोबाइल फोन की जांच में फर्जी दस्तावेजों से संबंधित स्क्रीनशॉट भी मिले हैं। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक सिद्धान्त जैन के निर्देशन में अपराध और धोखाधड़ी के मामलों में आरोपियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। मामले में 11 सितंबर 2026 को धोखाधड़ी की विभिन्न धाराओं में सिविल लाइन थाना में केस दर्ज किया गया था।

बिजली के मीटर के लिए भी किया आवेदन

पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता ने बताया कि उसके पिता का निधन 15 जनवरी 2026 को हो चुका है। परिवार जिस मकान में रह रहा है, वह उनकी दादालाई जायदाद है। आरोप है कि महिला आरोपी सुमन और उसके भाई सुखराम उर्फ दीपू ने जायदाद हड़पने की नीयत से 8 जून 2026 को फर्जी किरायानामा तैयार किया। इसमें शिकायतकर्ता के मृत पिता को मकान मालिक और सुखराम को किरायेदार दर्शाया गया तथा मृत व्यक्ति के फर्जी हस्ताक्षर कर दिए गए। इतना ही नहीं, इसी फर्जी किरायानामे के आधार पर सुखराम ने 9 जून 2026 को मकान की पहली मंजिल पर बिजली का मीटर लगवाने के लिए आवेदन भी कर दिया। शिकायत मिलने के बाद मामले की जांच एएसआई अंजू ने की। जांच के दौरान दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम से संबंधित रिकॉर्ड प्राप्त किया गया। रिकॉर्ड से फर्जी किरायानामे के आधार पर बिजली मीटर लगवाने के लिए आवेदन किए जाने की पुष्टि हुई। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी।

निशानदेही पर बरामद हुआ असल किरायानामा

पुलिस ने आरोपी सुखराम को उसके घर से गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर असल फर्जी किरायानामा बरामद किया गया। इसके बाद आरोपी को अदालत में पेश कर पूछताछ के लिए एक दिन का पुलिस रिमांड लिया गया। पूछताछ के दौरान सामने आए तथ्यों के आधार पर सीएससी सेंटर संचालक रोहताश को भी जांच में शामिल किया गया और गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों से पूछताछ पूरी करने के बाद उन्हें अदालत में पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया।

नियाना में बाड़े में लगी आग, पांच पशु झुलसे

हिसार। गांव नियाना में सोमवार तड़के करीब सवा दो बजे पशुपालक राजेश कुमार के बाड़े में अचानक भीषण आग लग गई। हादसे में करीब पांच पशु झुलस गए, जिनमें से एक भैंस की आंख की रोशनी चली गई। प्राथमिक दृष्टि में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। पीड़ित राजेश कुमार ने बताया कि देर रात पड़ोसियों ने बाड़े से धुएं और लपटों को उठते देख उन्हें जगाया। सूचना मिलते ही परिवार और आसपास के ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने तुरंत अपने स्तर पर आग बुझाने के प्रयास शुरू किए और फायर ब्रिगेड को सूचित किया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक बाड़े में रखे पंखे, तूड़ी और अन्य सामान जलकर राख हो चुका था। आग में झुलसे सभी पांचों पशुओं का गांव में ही प्राथमिक उपचार करवाया गया है। पीड़ित परिवार का कहना है कि हालांकि आर्थिक नुकसान काफी हुआ है, लेकिन समय रहते आग पर काबू पा लिए जाने से बड़ा हादसा होने से टल गया। घटना के बाद ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार को सांत्वना दी और हर संभव मदद का भरोसा जताया है। नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

आयुष्मान के कथित फर्जी क्लेम केस में विधाता नर्सिंग होम संचालक गिरफ्तार

छह महीने से गिरफ्तारी से बच रहा था डॉ. बिजेंद्र टाक

जिला अदालत के बाद हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट से भी नहीं मिली अग्रिम जमानत

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

आयुष्मान भारत योजना के तहत कथित फर्जी क्लेम और जाली दस्तावेज तैयार करने के मामले में उकलाना स्थित विधाता नर्सिंग होम के संचालक डॉ. बिजेंद्र टाक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी लगभग छह माह से गिरफ्तारी से बच रहा था। गिरफ्तारी से पहले उसने जिला एवं सत्र अदालत, पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए प्रयास किया, लेकिन किसी भी अदालत से उसे राहत नहीं मिली। हाईकोर्ट ने मामले की जांच के लिए आरोपी से हिरासत में पूछताछ को जरूरी माना था।मामला 22 मार्च 2026 का है। सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज की इंचार्ज सुनैना के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने विधाता नर्सिंग होम पर छापेमारी की थी। जांच के दौरान आयुष्मान भारत पोर्टल पर कुछ मरीजों को अस्पताल में भर्ती दिखाया गया, जबकि जांच के समय उनके अस्पताल में मौजूद नहीं होने की बात सामने आई थी। टीम ने अस्पताल के रिकॉर्ड और आयुष्मान पोर्टल पर दर्ज विवरण की जांच की थी।

नवजात के नाम पर करीब 48 हजार रुपये के क्लेम का आरोप

जांच में गांव बिठमड़ा निवासी संदीप के बच्चे से संबंधित रिकॉर्ड भी सामने आया। रिकॉर्ड में डिस्चार्ज की तारीख समेत अन्य विवरणों में कटिंग पाए जाने की बात कही गई। बच्चे के पिता संदीप ने टीम को दिए बयान में बताया था कि उनका बच्चा दोबारा अस्पताल में भर्ती नहीं हुआ था, जबकि आयुष्मान पोर्टल पर उसे भर्ती दर्शाकर करीब 48 हजार रुपये का क्लेम किया गया। जांच के दौरान रिकॉर्ड में कथित फर्जी हस्ताक्षर और अन्य दस्तावेज मिलने की बात भी सामने आई। जिस चिकित्सक के नाम पर बच्चे का इलाज दर्शाया गया था, उन्होंने अस्पताल आने और संबंधित रिकॉर्ड पर हस्ताक्षर करने से इनकार किया था। सीएम फ्लाइंग की शिकायत के आधार पर पुलिस ने डॉ. बिजेंद्र टाक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4), 336(3), 338 और 340 के तहत केस दर्ज किया था।

हाईकोर्ट ने कहा- हिरासत में पूछताछ जरूरी

गिरफ्तारी से बचने के लिए डॉ. बिजेंद्र टाक ने पहले जिला एवं सत्र अदालत में अग्रिम जमानत याचिका लगाई, जिसे खारिज कर दिया गया। इसके बाद उन्होंने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट का रुख किया। जुलाई 2026 में हाईकोर्ट ने भी अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया। हाईकोर्ट के आदेश में प्रथम दृष्टया उपलब्ध रिकॉर्ड के आधार पर ऐसे मरीजों के कथित फर्जी बिल तैयार किए जाने का उल्लेख किया गया, जो संबंधित अवधि में अस्पताल में भर्ती नहीं थे। अदालत ने जांच के दौरान यह पता लगाने के लिए आरोपी से हिरासत में पूछताछ को जरूरी माना कि क्या इसी तरह की कार्यप्रणाली अपनाकर आयुष्मान योजना के अन्य मामलों में भी कथित अनियमितताएं की गईं। इसके बाद अगस्त 2026 में आरोपी ने सुप्रीम कोर्ट में भी अग्रिम जमानत के लिए याचिका दायर की, लेकिन वहां से भी राहत नहीं मिली। इसके बाद हिसार पुलिस ने कार्रवाई करते हुए डॉ. बिजेंद्र टाक को गिरफ्तार कर लिया।

लंबी कानूनी लड़ाई के बाद मिली राहत : पिता

गांव बिठमड़ा निवासी संदीप ने आरोपी डॉक्टर की गिरफ्तारी पर संतोष जताया। उन्होंने कहा कि उनके बच्चे के नाम पर आयुष्मान भारत योजना में कथित रूप से फर्जी क्लेम किए जाने के बाद उन्होंने आर्थिक परेशानियों के बावजूद न्याय के लिए लंबी कानूनी लड़ाई लड़ी। उन्होंने सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज की इंचार्ज सुनैना और पुलिस की कार्रवाई पर आभार जताया।

मां की हत्या के लिए लाया था कट्टा सीआईए ने वारदात से पहले ही धरा

हांसी। मां की हत्या की नीयत से अवैध हथियार लेकर घूम रहे आरोपी को सीआईए-1 हांसी की टीम ने वारदात से पहले ही गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से देशी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। सीआईए-1 प्रभारी उप निरीक्षक प्रदीप कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि विकास नगर निवासी सिकंदर उर्फ खान राधिका फैक्टरी के पास अवैध हथियार लेकर घूम रहा है। सूचना के आधार पर टीम ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उसके लोवर से देशी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस के अनुसार, आरोपी हथियार का कोई लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सका। प्रारंभिक पूछताछ में उसने मां की हत्या की नीयत से हथियार लाने की बात स्वीकार की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना शहर हांसी में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अवैध देशी कट्टे के साथ युवक गिरफ्तार

हांसी। अवैध हथियार लेकर घूम रहे युवक को सीआईए-1 हांसी की टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से देशी कट्टा बरामद हुआ है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीआईए-1 की टीम ने उमरा रोड स्थित दोनों नहरों के बीच पटड़ी पर कार्रवाई करते हुए चार कुतुब गेट निवासी आर्यन को काबू किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से देशी कट्टा बरामद हुआ। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर हथियार रखने के कारणों और उसके आपराधिक नेटवर्क से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच कर रही है।

एचएयू ने तैयार की महिलाओं के 55 शारीरिक मापों की रिपॉजिटरी, मिला कॉपीराइट

महिलाओं की कद-काठी के हिसाब से डिजाइन होंगे उपकरण व फर्नीचर

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

महिलाओं के शरीर की वास्तविक बनावट और जरूरतों के अनुरूप उत्पादों के डिजाइन में अब हरियाणा की महिलाओं के शारीरिक आंकड़े मददगार बनेंगे। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के संसाधन प्रबंधन एवं उपभोक्ता विज्ञान विभाग ने हरियाणा की महिलाओं के शरीर के विभिन्न मापों की व्यवस्थित रिपॉजिटरी तैयार की है। इस महत्वपूर्ण डाटा रिपॉजिटरी के लिए विश्वविद्यालय को आधिकारिक कॉपीराइट मिला है। शोध का विषय हरियाणा राज्य की महिलाओं के मानवमितीय आंकड़ों के रिपॉजिटरी के आधार पर मैनक्विन का डिजाइन एवं विकास था।



हिसार व फतेहाबाद जिलों की महिलाओं का लिया माप

इस रिपॉजिटरी को तैयार करने के लिए हिसार और फतेहाबाद जिलों की 18 से 21 वर्ष आयु वर्ग की ग्रामीण और शहरी महिलाओं के शरीर के 55 अलग-अलग माप लिए गए। इनमें लंबाई, शरीर की चौड़ाई व परिधि, बैठने और खड़े होने की स्थिति तथा हाथ-पैरों से संबंधित माप शामिल हैं। शोध के दौरान जुटाए गए आंकड़ों को वैज्ञानिक तरीके से व्यवस्थित किया गया और महिलाओं की पहचान को पूरी तरह सुरक्षित रखा गया। सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. मोनिका शर्मा ने बताया कि रिपॉजिटरी का उपयोग महिलाओं की शारीरिक बनावट के अनुरूप उत्पाद तैयार करने में किया जा सकता है। इन आंकड़ों के आधार पर कपड़े, फर्नीचर, जूते, कार्यस्थल और रोजमर्रा में इस्तेमाल होने वाले उत्पादों को अधिक सुविधाजनक बनाया जा सकेगा। कृषि कार्यों में महिलाओं की बड़ी भागीदारी को देखते हुए उनके लिए सही आकार और सुविधाजनक कृषि उपकरण विकसित करने में भी यह डाटा उपयोगी होगा।

महिला-केंद्रित उत्पादों के लिए वैज्ञानिक आधार उपलब्ध कराएगी रिपॉजिटरी

मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. नरेश कौशिक ने बताया कि महिलाओं के लिए तैयार किए जाने वाले उत्पादों का डिजाइन उनकी वास्तविक शारीरिक बनावट और जरूरतों को ध्यान में रखकर किया जाना जरूरी है। हकृवि की यह रिपॉजिटरी भविष्य में महिला-केंद्रित उत्पादों के विकास के लिए वैज्ञानिक आधार उपलब्ध कराएगी और आगे होने वाले शोध में भी इसका उपयोग किया जा सकेगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने इस उपलब्धि पर शोधार्थी खुशबू, उनकी शोध सलाहकार डॉ. प्रोमिला कृष्णा चहल तथा विभागाध्यक्ष डॉ. किरण सिंह को बधाई दी। उन्होंने कहा कि महिलाओं के शारीरिक आंकड़ों का व्यवस्थित डाटा तैयार होना शोध और उत्पाद विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इसका लाभ महिलाओं की जरूरतों के अनुरूप अधिक सुरक्षित, सुविधाजनक और उपयोगी उत्पाद विकसित करने में मिलेगा। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा व डॉ. योगेश जिंदल उपस्थित रहे।

मोबाइल हैक कर रुपये निकालने का आरोपी महाराष्ट्र से गिरफ्तार

हांसी। ऑनलाइन ठगी के मामले में साइबर थाना हांसी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए महाराष्ट्र निवासी एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर मोबाइल नंबर हैक कर पीड़ित के बैंक खाते और क्रेडिट कार्ड से कुल 68,750 रुपये की ऑनलाइन ट्रांजेक्शन करने का आरोप है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से ठगी की रकम में से 30 हजार रुपये बरामद किए हैं। पुलिस अब ऑनलाइन लेन-देन और आरोपी से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की जांच कर रही है। थाना सदर क्षेत्र निवासी हितेश कुमार किरयाणा की दुकान चलाता है। उसने साइबर थाना हांसी में शिकायत देकर बताया कि 14 अगस्त को वह हांसी बाजार आया हुआ था। इसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके मोबाइल नंबर को हैक कर लिया। इसके बाद उसके बैंक खाते और क्रेडिट कार्ड से अलग-अलग ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के जरिए 68,750 रुपये निकाल लिए गए। पीड़ित ने घटना के तुरंत बाद साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर साइबर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने बैंकिंग ट्रांजेक्शन, ऑनलाइन लेन-देन और तकनीकी साक्ष्यों की जांच की। जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर आरोपी सोहम नारायण सिंधा निवासी महाराष्ट्र को गिरफ्तार किया गया।

- पुलिस ने बरामद किए 30 हजार रुपये

छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
haribhoomi.com

हरिभूमि

सहेली

रोहतक, मंगलवार
6 अक्टूबर, 2026



स्पेशल : इंटरनेशनल गर्ल चाइल्ड-डे, 11 अक्टूबर

राष्ट्रीय हो या अंतरराष्ट्रीय, बालिकाओं की स्थिति बहुत चिंताजनक है। वे कुपोषण का शिकार हैं, शिक्षा नहीं हासिल कर सकतीं, उनका बाल विवाह हो रहा है, भ्रूण हत्याएं जारी हैं। वे हिंसा का शिकार होती हैं। कानूनी अधिकारों से वे वंचित हैं। सबसे अधिक दुखदायी स्थिति है बेटियों के साथ सामाजिक और पारिवारिक भेदभाव। दुनिया की सभी बालिकाएं अपना हक पाएं, सुखी जीवन हासिल करें, इसके लिए बहुत जरूरी है, वैश्विक स्तर पर साझे प्रयास किए जाएं।

दुनिया भर में कायम है बेटियों की जद्दोजहद

कवर स्टोरी
डॉ. मोनिका शर्मा

किसी भी देश या समाज की दशा-दिशा के मुताबिक बेटियों के जीवन से जुड़ी परिस्थितियां भी बदल जाती हैं। दुनिया का कोई भी कोना हो, बच्चियों को असहज करने वाली बातों और हालातों में फर्क आ ही जाता है। हर जगह बड़ी होती लाडलियों के सामने आने वाली समस्याओं में भी अंतर होता है। आगे बढ़ने और अपने सपने साकार करने में आने वाली अड़चनों से जुड़ी शिकायतें भी थोड़ी भिन्न होती हैं। इतना ही नहीं, आम-सी जिंदगी जीने की सहजता भी संसार के हर कोने में एक-सी नहीं है। हर परिवेश में बेटियों के हिस्से आई सुविधाएं और दुविधाएं अलग-अलग होती हैं। यहां तक कि जन्म लेने से पहले ही उनका जीवन छीन लेने की स्थितियां भी दुनिया के कई हिस्सों की अजन्मी बेटियों को झेलनी पड़ती हैं। कुल मिलाकर देखा जाए तो पीड़ाओं का रंग-ढंग भले अलग हो, दुनिया के हर भू-भाग में बेटियों को बहुत-सी तकलीफों से जूझना ही पड़ता है। अनकहा-सा दबाव और बंदिशें उनके हिस्से आती ही हैं। इसी के चलते आज भी दुनिया भर में बेटियों की जद्दोजहद कायम है।

ग्लोबल लेवल पर समस्याएं

आज भी बेटियों की जद्दोजहद किसी एक देश तक सीमित नहीं है। सुरक्षा और सम्मान से जुड़े विपरीत हालात वैश्विक स्तर पर देखे जा सकते हैं। बाल विवाह हो या अशिक्षा, भ्रूणहत्या हो या कुरीतियां। किसी न किसी रूप में बेटियों के जीवन का दंश बना हुआ है। विकसित देशों से लेकर आर्थिक-सामाजिक रूप से पिछड़े देशों तक, कहीं जागरूकता की कमी है, तो कहीं अति आधुनिक विचार बेटियों के जीवन को मुसीबत में डाल रहे हैं। वैश्विक स्तर पर लड़कियों के सामने शिक्षा की कमी, सामाजिक-पारिवारिक भेदभाव, कुपोषण, हिंसा और कानूनी अधिकार पाने से जुड़ी अनगिनत चुनौतियां कायम हैं। ऐसी बहुत-सी चुनौतियों को संबोधित करने के लिए ही अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। यह खास दिन दुनिया भर की लड़कियों को उनके हक दिलाने और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने से जुड़ा है। इस दिन आगे बढ़ती बेटियों के योगदान का ग्लोबल उत्सव भी मनाया जाता है। बेटियों के सशक्त स्वर, उनके प्रभावी कार्यों और नेतृत्व क्षमता की चर्चा होती है। विशेष रूप से बेटियों की परवाह करने वाले लोग हर उस मोर्चे पर अवेयरनेस लाने का प्रयास करते हैं, जो उनके जीवन को सहज बना सके। संसार के हर कोने में समस्याओं का सामना करती बालिकाओं के लिए अपने अधिकार पाने और मन-जीवन से जुड़ी चुनौतियों का डटकर सामना करने का परिवेश बना सकें।



मिले बाल विवाह के दंश से मुक्ति

साल 2026 के लिए इंटरनेशनल गर्ल चाइल्ड-डे की थीम 'एंड चाइल्ड मैरिज एंड इंवेस्ट इन गर्ल्स राइट्स' है। यह विषय लड़कियों के अधिकारों के लिए आवाज उठाने वाले ऑर्गनाइजेशंस, दुनिया भर के आम नागरिकों और यूएन के पार्टनर्स द्वारा मिलकर तय किया गया है। यह मुहिम साझे प्रयासों से बाल विवाह को खत्म करने, लड़कियों के अधिकारों को बल देने और फाइनेंशियल कॉन्ट्रिब्यूशन करने के लिए सक्रियता से काम करने का उद्देश्य लिए है। बाल विवाह हमारे देश में ही नहीं, दुनिया भर में बेटियों के जीवन के लिए दंश बना हुआ है। हर साल विश्व में एक करोड़ बारह लाख लड़कियों की चाइल्ड मैरिज होती है। दुनिया के कई देशों में बेटियों की शादी एडल्ट होने से पहले ही करा दी जाती है। समझना कठिन नहीं, बाल विवाह के बाद जेंडर वॉयलेंस, कुपोषण, कम उम्र में मां बनने से प्रेग्नेंसी के कॉम्प्लिकेशन जैसी स्थितियां लड़कियों के हिस्से आती हैं।

आंकड़े बताते हैं कि लगभग हर चार में से एक 15-19 वर्ष की लड़की ने अपने जीवनकाल में इंटीमेट पार्टनर की हिंसा झेली होती है। वैश्विक स्तर पर टीनएजर्स के एचआईवी संक्रमण के नए केसेस में 75 प्रतिशत लड़कियां होती हैं। इन स्थितियों में लड़कियों का सम्मान और स्वास्थ्य दोनों चोटिल होते हैं। पढ़ाई छूट जाती है। भविष्य बनाने के सपने टूट जाते हैं। सुखद है कि हमारे देश में अब बाल विवाह में कमी आई है। बेटियों का जीवन सहेजने के लिए बाल विवाह को लेकर वैश्विक स्तर पर जागरूकता लाना और पारिवारिक स्तर पर जवाबदेही तय करना आवश्यक है।

आशाओं को मिले संबल

यूनिसेफ की एक रिसर्च के अनुसार अनगिनत चुनौतियों से जूझने के बावजूद दुनिया भर की लड़कियां बेहतर भविष्य के लिए आशान्वित और दृढ़ संकल्पित हैं। ग्लोबल लेवल पर बहुत-सी बालिकाएं सुरक्षित, सशक्त बनने के विजन को लेकर आगे बढ़ रही हैं। उनकी आशाओं को संबल देने की जरूरत है।



कई समस्याओं का सामना कर रही हैं बालिकाएं

आमतौर पर यह मान लिया जाता है कि विकसित देशों में लड़कियों का जीवन बहुत सहज-सुविधाजनक है। जबकि आर्थिक रूप से संपन्न इन देशों में भी कई सामाजिक-पारिवारिक बंधन लड़कियों के हिस्से हैं। इतना ही नहीं, तकनीकी तरक्की के चलते इन देशों में लड़कियां साइबर बुलिंग की शिकार बनती हैं। टूटते परिवारों वाले आधुनिक समाज में बहुत-सी बच्चियां अकेलापन और एंग्जायटी भी झेलती हैं। कुछ समय पहले आई सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका की 60 फीसदी लड़कियों ने लगातार उदास और हताश रहने की शिकायत की थी। इसी रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका की हर दस में एक से ज्यादा लड़की ने बताया कि उसे यौन धमकियां मिलीं और यौन संबंधों के लिए मजबूर किया गया। समझना मुश्किल नहीं कि दुनिया का कोई भी देश हो, बिखरी मनःस्थिति में बच्चियों का आपराधिक सोच वाले लोगों के जाल में फंसना बहुत आसान होता है। विकसित देशों में सिंगल पैरेंट के साथ बड़ी होती बेटियों में भावनात्मक असुरक्षा बहुत अधिक होती है। अमेरिका जैसे देश में भी जेंडर पे गैप की स्थितियां मौजूद हैं।

जो बिना कहे साथ निभाए वही है सच्चा रिश्ता

रिश्ते सिर्फ यह कह देने से 'हम आप से बहुत प्यार करते हैं' साबित नहीं होते, बल्कि उन अनकहे शब्दों से भी पहचाने जाते हैं, जब कोई बिना कुछ कहे साथ खड़ा रहता है, मुश्किल घड़ी में संबल बनता है। प्यार की असली खूबसूरती शब्दों से अधिक भरोसे में छिपी होती है। सच्चे रिश्ते की यही पहचान है।

रिलेशनशिप
वीरेंद्र बहादुर सिंह



अकसर आपने देखा होगा कि कुछ लोग हर समय प्यार और अपनेपन का इजहार तो करते रहते हैं, लेकिन मुश्किल समय में साथ नहीं दिखते। वहीं कुछ लोग कभी बड़े-बड़े वादे नहीं करते, लेकिन जरूरत पड़ने पर आपके साथ खड़े होते हैं। सच यही है कि सच्चे रिश्तों की पहचान शब्दों से नहीं, व्यवहार से होती है।

आकर्षण से ज्यादा विश्वास-अपनत्व है जरूरी: किसी नए रिश्ते की शुरुआत प्रायः किसी न किसी आकर्षण से होती है। हर आकर्षण के पीछे कोई न कोई वजह होती है। किसी का स्वभाव, व्यक्तित्व या समझदारी हमें उसकी ओर खींचती है। समय के साथ यदि ये वजहें बदलने लगें तो आकर्षण भी कम हो सकता है। लेकिन रिश्ता अगर केवल आकर्षण पर नहीं, विश्वास और अपनत्व पर टिका हो, तो वह लंबे समय तक बना रहता है।



'आई लव यू' के साथ जुड़ी होती हैं उम्मीदें: जब कोई 'आई लव यू' या 'मैं तुमसे करती हूं/प्यार करता हूं' कहता है, तो उसके साथ कई अनकही उम्मीदें भी जुड़ी होती हैं। साथ निभाना, परवाह करना, मुश्किल समय में साथ खड़ा रहना और भावनाओं को समझना, ये सब प्रेम का हिस्सा हैं। परेशानी तब शुरू होती है, जब इन उम्मीदों/अपेक्षाओं पर कभी खुलकर बात ही नहीं होती।

अनकही शिकायतों से बढ़ती है रिश्तों में दूरी: अधूरी उम्मीदें धीरे-धीरे शिकायतों का रूप ले लेती हैं। इन शिकायतों को जल्द से जल्द आपसी बातचीत और समझदारी से हल किया जाना जरूरी है। शिकायतों को मन में दबाए रखने से सामने वाले को अपनी बात स्पष्ट करने का मौका नहीं मिलता। इससे रिश्ते में नाराजगी और गलतफहमी का जाल फैलता जाता है, दूरी बढ़ने लगती है। रिश्तों में सबसे बड़ा संकट तब आता है, जब मन की बात मन में ही रह जाती है।

छोटी-छोटी गलतफहमियों से टूटते हैं रिश्ते: अधिकांश रिश्ते किसी एक बड़ी घटना से नहीं टूटते। वे छोटी-छोटी गलतफहमियों, गलत धारणाओं और संवाद की कमी से कमजोर होकर टूट जाते हैं। यदि हर छोटी बात या गलतफहमी को बढ़ा-चढ़ाकर देखा जाए, तो प्रेम की जगह अविश्वास घर कर लेता है। कई बार यह अविश्वास रिश्ते के टूटने का कारण बन जाता है।

सच्चे प्रेम को प्रमाण की जरूरत नहीं होती: जो व्यक्ति आपको दिल से चाहता है, उसका अपनापन आपको स्वतः महसूस हो ही जाता है। वह चाहे कम बोले, लेकिन उसके व्यवहार में उसका प्रेम दिखाई देता है। उसी तरह जो केवल दिखावे का रिश्ता निभा रहा हो, उसकी सच्चाई भी समय के साथ स्पष्ट हो ही जाती है।

जताने से ज्यादा जरूरी है निभाना: जीवन में सबसे अनमोल रिश्ता वही होता है, जहां दिखावे से अधिक विश्वास हो, शब्दों से अधिक संवेदनाएं हों और वादों से अधिक साथ निभाने का साहस हो। आखिरकार, सच्चे रिश्ते बोलते नहीं, महसूस होते हैं।

खत्म नहीं होता सच्चा रिश्ता: लोग अलग हो सकते हैं, लेकिन रिश्तों की यादें, सीख और भावनाएं हमेशा साथ रहती हैं। कोई भी सच्चा रिश्ता समाप्त नहीं होता, समय के साथ केवल उसका स्वरूप बदल जाता है।

हर किसी के लिए 'मी टाइम' जरूरी है, पति- पत्नी के लिए भी, क्योंकि शादी के बाद दोनों अपनी रुटीन लाइफ में इतने ज्यादा बिजी हो जाते हैं कि उनके पास अपने लिए कोई समय नहीं होता। जीवन में हमेशा एक ताजगी बनी रहे, इसके लिए जरूरी है 'मी टाइम'।

क्या 'मी टाइम' शादीशुदा लोगों के लिए भी जरूरी है?

मैरिड लाइफ
नैंसी गुप्ता

शादी के बाद जिंदगी में जिम्मेदारियां बढ़ जाती हैं। घर-परिवार, बच्चों की देखभाल, नौकरी और सामाजिक जिम्मेदारियों के बीच कई दंपती अपनी पसंद और जरूरतों के लिए समय निकालना भूल जाते हैं। खासकर रोजमर्रा की व्यस्त जिंदगी में व्यक्ति का पूरा ध्यान दूसरों की जरूरतें पूरी करने में लग जाता है। ऐसे में खुद के लिए समय निकालना यानी 'मी टाइम' मानसिक और भावनात्मक संतुलन बनाए रखने में मदद करता है। अकेले समय बिताने का मतलब परिवार से दूरी बनाना नहीं होता, बल्कि यह खुद को समझने और अपने भीतर एक नई ऊर्जा जुटाने का अवसर होता है। जी हां, शादीशुदा लोगों के लिए भी 'मी टाइम' बहुत जरूरी है। इसे स्वस्थ रिश्ते और बेहतर जीवनशैली का हिस्सा समझना चाहिए।



खुद के लिए समय निकालना क्यों जरूरी : शादी के बाद अकसर व्यक्ति की प्राथमिकताएं बदल जाती हैं। घर और परिवार की जरूरतों को पूरा करते-करते अपनी पसंद, आराम और रुचियों के लिए समय कम बचता है। लगातार व्यस्त रहने से थकान और चिड़चिड़ापन महसूस होने लगता है। रोजाना कुछ समय अपने लिए निकालने से व्यक्ति को मानसिक रूप से आराम मिलता है, वह अपनी जरूरतों पर ध्यान दे पाता है। यह समय बहुत लंबा हो यह जरूरी नहीं है। दिन में 20-30 मिनट आसानी से अपने लिए निकाले जा सकते हैं।



'मी टाइम' का मतलब अकेले रहना नहीं: कई लोगों को लगता है कि 'मी टाइम' का अर्थ परिवार से अलग रहना या जिम्मेदारियों से बचना है, ऐसा बिल्कुल नहीं है। 'मी टाइम' का मतलब अपनी पसंद का कोई काम करना होता है, जैसे कोई किताब पढ़ना, पेंटिंग करना, संगीत सुनना, टहलना, पौधों की देखभाल करना, योग करना या शांत बैठकर चाय पीना भी 'मी टाइम' का हिस्सा है। जरूरी यह है कि इस दौरान व्यक्ति खुद को मानसिक रूप से आराम देने वाली गतिविधि करे, उसे एक सुकून महसूस हो।

शादीशुदा रिश्ते के लिए भी फायदेमंद: पति-पत्नी का हर समय साथ रहने का मतलब यह नहीं होता कि उन्हें हर काम साथ ही करना चाहिए। दोनों को अपनी व्यक्तिगत पसंद और रुचियों के लिए भी एक स्पेस मिलनी चाहिए। जब व्यक्ति खुद के लिए समय निकालता है तो वह अधिक तरोताजा महसूस करता है। इससे छोटी-छोटी बातों पर होने वाली झुंझलाहट कम करने में मदद मिलती है। हमें यह समझना चाहिए कि स्वस्थ रिश्ते में साथ समय बिताने के साथ-साथ एक-दूसरे के पर्सनल स्पेस का सम्मान करना भी जरूरी है। यह दांपत्य जीवन में मधुरता बनाए रखता है।

अपनी रुचि को फिर से पहचानें: शादी और परिवार की जिम्मेदारियों के बीच कई लोग अपनी पुरानी हॉबी छोड़ देते हैं। किसी को पेंटिंग पसंद होती है, किसी को डांस या फिर पढ़ना-लिखना, लेकिन समय न मिलने के कारण ये रुचियां पीछे छूट जाती हैं। 'मी टाइम' अपनी पुरानी रुचियों को फिर से जिंदगी में शामिल करने का मौका देता है।

हर समय परिवार के लिए उपलब्ध रहना जरूरी नहीं: परिवार के सदस्यों की जरूरतों का ध्यान रखना बहुत अच्छी बात है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि व्यक्ति को हर समय उपलब्ध रहना ही चाहिए। लगातार काम करते रहने से थकान बढ़ जाती है। इसलिए घर में सभी सदस्यों को एक-दूसरे की जरूरतो का ध्यान रखना चाहिए।

अगर कोई व्यक्ति कुछ समय शांत रहना चाहता है या अपनी पसंद का कोई काम करना चाहता है, तो इसे गलत समझने के बजाय उसकी जरूरत के रूप में देखना चाहिए।

(लाइफस्टाइल एक्सपर्ट श्वेता गुप्ता से बातचीत पर आधारित)

घर पर ऐसे करें हेयर कलर



हेयर केयर
शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

आजकल महिलाओं में बालों को कलर करने का ट्रेंड बहुत देखने को मिल रहा है। जहां पहले सिर्फ सफेद बालों को काला करने के लिए कलर किया जाता था। लेकिन अब महिलाएं काले बालों को ग्लैमरस लुक देने के लिए भी उन्हें कलर करवा रही हैं। लेकिन केमिकल वाले कलर्स से बालों को नुकसान भी पहुंचता है। इसलिए बालों को नेचुरल कलर से रंगना चाहिए।

नेचुरल हेयर कलर: आजकल प्राकृतिक तत्वों और सब्जियों से बने कलर्स भी 'हेयर मस्कारे' के रूप में उपलब्ध हैं। हेयर मस्कारा कुछ हद तक क्रेयॉन की तरह होते हैं, जो बालों को 'स्ट्रीक' करने के लिए किए जाते हैं। यह काफी प्रभावी रूप से सफेद बालों को छिपाते हैं। ये बालों को ग्लैमरस लुक देते हैं और सामान्य बालों से अलग लुक देने में भी मदद करते हैं। इसका मुख्य लाभ यह है कि ये बालों की संरचना और बनावट को होने वाले नुकसान से बचाते हैं।



ऐसे बनाएं हेयर कलर: हालांकि बाजार में हर्बल उत्पादों से बने नेचुरल कलर तो मिल जाते हैं लेकिन ये थोड़े महंगे होते हैं। आप चाहें तो इन्हें घर पर भी बना सकती हैं। कलर पेस्ट बनाने के लिए गुनगुने पानी में मेहंदी और कत्था जैसे नेचुरल कलरेंट मिलाएं। इसके बाद रबर के दस्ताने पहनकर समान रूप से ऊपर से नीचे तक बालों पर लगाएं। 3 घंटे के लिए रंग लगा हुआ छोड़ दें। इसके बाद अच्छी तरह साफ पानी से धो लें।

फायदेमंद है आंवला: आंवला सफेद बालों को नियंत्रित करने के लिए उत्तम माना जाता है। कच्चे आंवले का रस एक पानी के गिलास में डालकर रोज पीने से सफेद बालों को नियंत्रित करने में मदद करता है। साथ ही आंवला, मेहंदी पावडर में मिलाकर लगाया जा सकता है। आपको बता दें कि मेहंदी सफेद बालों को रंगती है, न कि काले बालों को। इसका पेस्ट बनाने के लिए रात को 2 से 3 कप पानी में रात भर सूखा आंवला भिगोकर रख दें। अगली सुबह, आंवला पानी से निकाल लें। इसके बाद पानी फेंकना नहीं है। अब आंवला पीस लें। इसके बाद मेहंदी पावडर में आंवला पेस्ट, 4 छोटे चम्मच नीबू का रस, कॉफी, 2 चम्मच तेल और पर्याप्त आंवले का पानी मिलाएं। दो से तीन घंटे के लिए पेस्ट बनाकर रख दें। फिर पूरे बालों में इस तरह लगाएं कि सारे बाल कवर हो जाएं। कम से कम दो घंटे के लिए रखें और सादे पानी से धो लें।



इस तरह लगाएं मेहंदी: सबसे पहले ध्यान रखें कि मेहंदी पावडर अच्छी गुणवत्ता की हो। यह गहरे हरे रंग की होनी चाहिए। हेयर हेल्थ को अच्छा करने और बालों की समस्याओं को दूर करने के लिए मेहंदी के साथ आंवले, ब्राह्मी, भृंगराज, बेल आदि का इस्तेमाल करना चाहिए। मेहंदी बहुत अच्छा कंडीशनर होता है और बालों को सुरक्षा के साथ मजबूती भी प्रदान करता है।

आने वाले नवरात्रों में आप व्रत जरूर रखेंगी। व्रत के दौरान सिर्फ अन्न से दूरी बनाना ही काफी नहीं है। शरीर को पर्याप्त ऊर्जा और पोषण मिले, इसके लिए सही आहार का सेवन करना भी जरूरी है।

व्रत में ऐसी हो आपकी डाइट

डाइट सजेशन
निकिता चौहान





अधिकतर महिलाएं नवरात्र व्रत रखती हैं। अकसर लोग व्रत के दौरान फलाहार के नाम पर तली-भुनी चीजें, साबूदाना, आलू और मीठे खाद्य पदार्थ अधिक मात्रा में खाने लगते हैं। इससे सेहत को फायदा होने के बजाय नुकसान हो सकता है। वहीं, पर्याप्त पानी और संतुलित आहार की कमी से कमजोरी, सिरदर्द, एसिडिटी, कब्ज और डिहाइड्रेशन जैसी समस्याएं परेशान कर सकती हैं। ऐसे में जरूरी है कि व्रत के दौरान ऐसी डाइट ली जाए, जो शरीर को ऊर्जा देने के साथ पोषण भी दे। नवरात्र में व्रत का उद्देश्य केवल भोजन छोड़ना नहीं, बल्कि संयम के साथ शरीर और मन का ध्यान रखना भी है। संतुलित फलाहार, पर्याप्त पानी और सही मात्रा में पोषक तत्व लेकर आस्था के साथ सेहत का भी ख्याल रखा जा सकता है।

बनाए रखें हाइड्रेशन: नवरात्र के दौरान पर्याप्त मात्रा में पानी पीना बेहद जरूरी है। दिनभर थोड़ी-थोड़ी मात्रा में पानी पीते रहें। इसके अलावा नारियल पानी, नीबू पानी, छाछ जैसे पेय भी डाइट में शामिल किए जा सकते हैं। बहुत अधिक चीनी वाले पेय और पैकेज्ड जूस से बचना बेहतर है।

फल-सब्जियों का सेवन: व्रत की डाइट में मौसमी फल और सब्जियों को शामिल करना अच्छा विकल्प है। सेब, पपीता, संतरा और अमरूद जैसे फल खाए जा सकते हैं। फलों के जूस की बजाय पूरा फल खाना बेहतर रहता है, क्योंकि इससे फाइबर भी मिलता है। दिनभर एक साथ ज्यादा खाने की बजाय छोटे और संतुलित मील लेना अधिक बेहतर है।

कुट्टू, सिंघाड़ा और सामक से मिले ऊर्जा: व्रत में कुट्टू या सिंघाड़े के आटे की रोटी और चीला लिया जा सकता है। इसके साथ दही या सब्जियां शामिल करने से भोजन अधिक संतुलित हो जाता है। सामक के चावल भी सीमित मात्रा में खाए जा सकते हैं। प्रोटीन के लिए दूध, दही और पनीर ले सकते हैं।

तली-भुनी चीजों से बनाएं दूरी: साबूदाने की खिचड़ी, वड़ा, आलू चिप्स, कुट्टू की पूड़ी और पकौड़े व्रत में खूब पसंद किए जाते हैं। इनका अधिक सेवन कैलोरी बढ़ाने के साथ पेट से जुड़ी समस्याएं पैदा कर सकता है।

नमक-चीनी का सीमित सेवन: व्रत में सेंधा नमक का इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन इसकी मात्रा पर भी नियंत्रण जरूरी है। चाय, कॉफी, मीठी लस्सी और अन्य मीठे पेय का भी अधिक सेवन नहीं करना चाहिए।

व्रत खोलते समय बरतें सावधानी: व्रत खोलते ही बहुत ज्यादा या भारी, मसालेदार और तला-भुना भोजन करने से बचें। शुरुआत हल्के भोजन, फल या दही से की जा सकती है। भोजन धीरे-धीरे और अच्छी तरह चबाकर खाएं, ताकि पाचन तंत्र पर अचानक अधिक भार न पड़े।

बरतें ये विशेष सावधानी: डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, किडनी या हृदय संबंधी बीमारी से पीड़ित लोगों को बिना चिकित्सकीय सलाह के लंबे समय तक उपवास नहीं करना चाहिए। गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं, बुजुर्गों तथा नियमित दवा लेने वाले लोगों को भी व्रत रखने से पहले डॉक्टर या डाइटिशियन की सलाह लेनी चाहिए।

(सीनियर डाइटिशियन डॉ. आस्था शर्मा से बातचीत पर आधारित)

खबर संक्षेप

अग्रोहा को रेलवे लाइन से जोड़ने का सिर्फ वादा

उकलाना। वैश्य समाज के प्रतिनिधियों की बैठक उकलाना में अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष एवं हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बजरंग गर्ग ने कहा कि वर्ष 2005 में अग्रोहा को रेल लाइन से जोड़ने की घोषणा की गई थी, लेकिन दो दशक से अधिक समय बीत जाने के बावजूद अग्रोहा को रेलवे लाइन से नहीं जोड़ा गया है। इससे देश के वैश्य समाज में भारी नाराजगी है।

7 को ओबीसी होगा हक हुंकार कार्यक्रम

हिसार। जातीय जनगणना की मांग को लेकर प्रदेशभर में चल रहे ओबीसी हक हुंकार अभियान को और अधिक गतिशील व प्रभावी बनाने के लिए 7 अक्टूबर को राज्य स्तरीय ओबीसी हक हुंकार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। चंडीगढ़ के सेक्टर-9 बी में स्थित हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में प्रातः 10.30 बजे आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी, सांसद, विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, ओबीसी विभाग के पूर्व पदाधिकारी व ओबीसी के वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे।

महापड़ाव की तैयारियों के लिए हुई बैठक

हिसार। राज्य कमेटी के निर्देशानुसार 24 अक्टूबर को लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य मंत्री रणबीर गंगवा के हिसार स्थित आवास पर होने वाले अनिश्चितकालीन महापड़ाव की तैयारियों के लिए पब्लिक हेल्थ ब्रांच की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता ब्रांच प्रधान अशोक कुमार ने की। ब्रांच सचिव राकेश वशिष्ठ सहित अन्य पदाधिकारियों ने महापड़ाव की तैयारियों को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया। ब्रांच सचिव राकेश वशिष्ठ ने कहा कि कर्मचारी अपने हकों की लड़ाई लड़ने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

सेक्टर 33 में चलाया सफाई अभियान

हिसार। सेवा संकल्प अभियान के तहत सेक्टर 33 में जनभागीदारी से भव्य सफाई अभियान का आयोजन किया गया। सेक्टर 33 वेलफेयर सोसायटी के प्रधान धर्मवीर पानू के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान में सेक्टरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वच्छता का संदेश दिया। नगर निगम हिसार के सहयोग से चलाए गए इस अभियान में सफाई कर्मचारियों एवं सेक्टरवासियों ने मिलकर विभिन्न स्थानों पर सफाई की तथा लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

सेवा कार्यों को जन-जन तक पहुंचाना प्राथमिकता

हिसार। भाजपा संगठन को मजबूत बनाने और पार्टी की जन कल्याणकारी गतिविधियों को आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से रविवार को भाजपा जिला कार्यालय में संगठनात्मक बैठक हुई। जिलाध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ की अध्यक्षता में हुई बैठक में जिला प्रभारी सुरेंद्र आर्य ने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया।बैठक में विधायक रणधीर पनिहार, चेयरमैन रवि सैनी, मेयर प्रवीण पोपली, पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, पूर्व मंत्री अनूप धानक सहित प्रदेश एवं जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी, सेवा संकल्प अभियान के संयोजक और विभिन्न मोर्चों के जिलाध्यक्ष मौजूद रहे।

भागवत कथा में उमड़ा आस्था का सैलाब

हिसार। उत्तम नगर स्थित गुरुद्वारा साहिब में पितृ पक्ष के उपलक्ष्य में महिला संकीर्तन मंडल के तत्वाधान में चल रही भागवत कथा के दूसरे दिन कथा वाचक पं. यशोदानन्दन महाराज ने कहा कि जब तक शरीर में जान है, दिव्य भागवत रस का रसपान करते रहो और यह केवल पृथ्वी पर ही संभव है। संसार में फंसे हुए जो लोग अज्ञान व अंधकार से पार जाना चाहते हैं, उनके लिए आध्यात्मिक तत्वों को प्रकाशित करने वाला यह अद्वितीय दीपक है। बड़े-बड़े मुनियों के आचार्य शुकदेव ने इसका वर्णन किया है। भागवत कथा अनंत है।

दुर्जनपुर के पीएम श्री स्कूल में चार विषयों के शिक्षक नहीं, बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

जिले के गांव दुर्जनपुर स्थित पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में अर्थशास्त्र, जीव विज्ञान, संस्कृत और इतिहास विषयों के शिक्षक नहीं होने का मामला सामने आया है। शिक्षकों की कमी पर भारत की जनवादी नौजवान सभा (डीवाईएफआई) और स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) की जिला कमेटी ने जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर इन विषयों के शिक्षकों की शीघ्र नियुक्ति की मांग की।

स्थायी नियुक्ति तक अतिथि शिक्षकों की व्यवस्था की मांग



हिसार। ज्ञापन सौंपने जाते संगठनों के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

डीवाईएफआई के जिला प्रधान पंकज बगला व एसएफआई के जिला प्रधान निखिल राजली ने कहा कि विद्यालय में चार महत्वपूर्ण विषयों के शिक्षक उपलब्ध नहीं होने से विद्यार्थियों की नियमित पढ़ाई प्रभावित हो रही है। शिक्षा सत्र का बड़ा हिस्सा बीत चुका है, लेकिन इन विषयों की पढ़ाई सुचारु रूप से नहीं हो पा रही है। उन्होंने सरकार से शिक्षकों की कमी दूर करने के लिए तत्काल कदम उठाने की मांग की। इस दौरान डीवाईएफआई के राज्य प्रधान मुकेश कुमार, भूपेश सोनी, साहिल और दुर्जनपुर डीवाईएफआई कोषाध्यक्ष शलू सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

तबादला नीति के खिलाफ बहुद्देश्यीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसो. ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

बहुद्देश्यीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन से जुड़े स्वास्थ्य कर्मचारियों ने आदर्श ऑनलाइन तबादला नीति में पदों को कैप्ट किए जाने और अन्य विसंगतियों को दूर करने की मांग को लेकर विधायकों को ज्ञापन सौंपते हुए नीति का विरोध शुरू कर दिया है। इसी क्रम में एसोसिएशन ने सोमवार को हिसार की विधायिका सावित्री जिंदल, हांसी विधायक विनोद भयाना, उकलाना विधायक नरेश सेलवाल एवं नलवा विधायक प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा और मुख्यमंत्री हरियाणा से मामले में त्वरित समाधान करवाने की अपील की। एसोसिएशन के जिला प्रधान विकास सन्दलाना, सचिव रवींद्र पेटवाड़, बजरंग सोनी और स्वास्थ्य विभाग तालमेल कमेटी के संयोजक एवं जिला सर्व कर्मचारी संघ के प्रैस प्रवक्ता नूर मोहमद ने बताया कि सरकार एमओटीपी नीति में युक्तिकरण के नाम पर सैंकड़ों पदों को कैप्ट करके खाली पदों पर बिना भर्ती किए कर्मचारियों को इधर-उधर करके अपनी जिम्मेवारी से पल्ला झाड़ना चाहती है।



हिसार। विधायक सावित्री जिंदल को ज्ञापन सौंपते एसोसिएशन के पदाधिकारी।

डीपीएस सिरसा को प्रथम और सेंट जोसफ हिसार को मिला द्वितीय स्थान

- 6 जिलों की 19 टीमों ने लिया प्रान्त स्तरीय राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता में हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

भारत विकास परिषद हरियाणा पश्चिम प्रांत की विवेकानंद शाखा के तत्वावधान में प्रांत स्तरीय राष्ट्रीय समूहगान एवं संस्कृत गीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में हरियाणा पश्चिम प्रांत के छह जिलों की 19 टीमों ने हिस्सा लिया। विद्यार्थियों ने हिंदी और संस्कृत में समूहगान प्रस्तुत कर भारतीय संस्कृति, संस्कार और राष्ट्रभावना का संदेश दिया। प्रतियोगिता में दिल्ली पब्लिक स्कूल, सिरसा ने प्रथम, सेंट जोसफ स्कूल, हिसार ने द्वितीय तथा शाह सतनाम गर्ल्स स्कूल, सिरसा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में कुल 152 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की, जिनमें 146 छात्राएं और छह छात्र शामिल रहे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि हिसार की विधायक सावित्री जिंदल रहीं, जबकि अध्यक्षता क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव कमलेश गर्ग ने की। गौ सेवा आयोग के सदस्य अनिल गोयल और पार्षद संजय डालमिया भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को आरएसएस हिसार के विभाग संघ चालक पवन कुमार का सान्निध्य प्राप्त हुआ।



हिसार। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाली टीम अतिथियों के साथ।

इनका रहा सहयोग

आयोजक रामनिवास वर्मा, प्रांतीय महासचिव, गौरव गुप्ता, प्रांतीय वित्त सचिव तथा हुक्म चन्द गोयल, प्रांतीय संयोजक संस्कार ने सभी अतिथियों, निर्णायकों, प्रतिभागी विद्यार्थियों, विद्यालयों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। हिसार विवेकानंद शाखा की ओर से राजेश जैन, शाखा अध्यक्ष, सूर्या गोयल, शाखा सचिव, आशीष जैन, शाखा वित्त सचिव, हेमन्त बंसल, शाखा संयोजक संस्कार सहित समस्त कार्यकारिणी एवं सदस्यों ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन में सहयोग दिया।

संस्कृति ग्रुप ने पूर्व और पश्चिम फूड फिएस्टा से मचाई धूम



हिसार। संस्कृति हमारी पहचान ग्रुप ने एक बार फिर से अपने कार्यक्रम पूर्व और पश्चिम फूड फिएस्टा के द्वारा यह सिद्ध कर दिया कि उच्च कोटि के मनोरंजन कार्यक्रम शहर में पसंद किए जाते हैं, कार्यक्रम में गीत संगीत और नृत्य जिसमें पूर्व और पश्चिम की सभ्यता को दर्शाया गया था। इसके अलावा संस्कृति ग्रुप की मेंबर्स के द्वारा ही पूर्व तथा पश्चिम के परिधानों को भी दर्शाया गया जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। संस्था की अध्यक्ष विनीता जैन ने बताया कि महिलाओं द्वारा आयोजित ऐसे आयोजन में बहुत मेहनत लगती है परंतु इस तरह के प्रयास वे भविष्य में भी करते रहेंगे। उपाध्यक्ष रेनू लाहोरिया ने बताया कार्यक्रम में उपस्थित हुए विधायक सावित्री जिंदल, पूर्व मेयर शकुंतला राजलीवाला, समाजसेविका पंकज संधीर व वृंदा ने भी इस कार्यक्रम को सराहा है। सचिव तरुणा ढांडा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम में संस्कृति के सदस्यों के अलावा उनके परिवार भी आते हैं। कोषाध्यक्ष डेजी अहलावत ने सभी सदस्यों का धन्यवाद किया। पूरी टीम संध्या वर्मा, रिंपल मित्तल, रेनू सैनी, प्रतिभा सिंह, वंदना गुप्ता ने सभी मेहमानों का स्वागत किया।

लोक सुरों से गूंजा महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज, पारंपरिक गीतों ने बांधा समा

हिसार। भिवानी रोहिल्ला स्थित महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र द्वारा सोमवार को तीन दिवसीय 'लोक सुर संगम' कार्यक्रम की भव्य शुरुआत हुई। पहले दिन इस उत्सव का प्रारंभ सुप्रसिद्ध कलाकार राकेश बरानिया की 16 सदस्यीय टीम द्वारा लोक परंपराओं की मनमोहक प्रस्तुतियों से हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर कॉलेज के चेयरमैन भारत भूषण प्रधान और अध्यक्ष के रूप में उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के प्रतिनिधि मंथन व कार्यक्रम के समन्वयक रविंद्र श्योराण उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरमैन भारत भूषण प्रधान, कॉलेज डायरेक्टर डॉ. नीलम प्रभा, प्रिंसिपल डॉ. शमीम शर्मा, स्कूल प्रिंसिपल डॉ. सरिता शर्मा व स्कूल प्रबंधक डॉ. अजीज प्रधान ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत राकेश बरानिया ने गुरु वंदना से की। इसके बाद पानी आली पानी प्यादे क्यों अनबोल खड़ी होगी तथा मैं तेरी नचाई नाचूँ सूं गीतों पर पूरा हाल थिरकने को मजबूर हो गया।कार्यक्रम के दौरान लोक गायन एवं लोक नृत्य मुख्य आकर्षण रहे। कलाकारों ने विभिन्न लोक धुनों और पारंपरिक गीतों की प्रस्तुतियों से ऐसा समां बांधा कि पूरा वातावरण लोक-संस्कृति के रंग में रंग गया। लोकनृत्य और लोकगीत केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं बल्कि हमारी पुरखों में सामाजिक जीवन और सांस्कृतिक विरासत को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का काम भी करते हैं। लोककला हमारी संस्कृति की विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है। कॉलेज प्रबंधन की ओर से उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज तथा राकेश बरानिया एवं उनकी टीम का आभार व्यक्त किया गया।



हिसार। 'लोक सुर संगम' कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करते अतिथिगण।



हिसार। क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनते कुलदीप बिश्नोई व भव्य बिश्नोई।

आदमपुर के लोगों से हमारा पारिवारिक संबंध

आदमपुर। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व विधायक भव्य बिश्नोई ने सोमवार को आदमपुर हलके के गांव सदलपुर में आयोजित विभिन्न जलपान कार्यक्रमों में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से आत्मीय मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना तथा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों, जनसमस्याओं और भविष्य की आवश्यकताओं पर चर्चा की। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि आदमपुर और भजनलाल परिवार का संबंध राजनीति तक सीमित नहीं है, बल्कि यह कई पीढ़ियों से चले आ रहे विश्वास, अपनत्व और पारिवारिक भावनाओं का रिश्ता है। आदमपुर की जनता ने हमेशा परिवार को अपना स्नेह और आशीर्वाद दिया है। उन्होंने कहा कि आदमपुर हलके में पिछले करीब दो वर्षों के दौरान करोड़ों रुपये के विकास कार्य करवाए गए हैं। इस अवसर पर नलवा के विधायक रणधीर पनिहार सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय जनिका सम्मेलन में साहित्यकार सैनी की तीन पुस्तकों का हुआ विमोचन

हिसार। वरिष्ठ साहित्यकार जयभगवान सैनी की जनिका आधारित तीन नव प्रकाशित पुस्तकों का विमोचन पूरे उत्साह के साथ किया गया। साहित्य एवं संस्कृति अकादमी हरियाणा एवं आदर्श जनसेवा एजुकेशन सोसायटी डिंग के संयुक्त तत्वावधान में द्वितीय राष्ट्रीय जनिका सम्मेलन और जनिकाकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में जयभगवान सैनी की पुस्तकें जनिकाओं के मोती, म्हारी टूम जनिकाएं (हरियाणवी) व सबद बोलैं सैं (हरियाणवी) का विमोचन हुआ। डिंग में आयोजित इस सम्मेलन में हरियाणा एवं संस्कृति अकादमी के निदेशक डॉ. धर्मदेव विद्यार्थी, प्राचार्या डॉ. शैलजा छाबड़ा, वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. रूप देवगुण, डॉ. राजकुमार निजात, डॉ. ज्ञानप्रकाश पीयूष, अविनाश कौशल व जनकराज शर्मा सहित काफी संख्या में रचनाकार मौजूद रहे। इस अवसर पर साहित्यकार जयभगवान सैनी की पुस्तकों का विमोचन करने के साथ ही उन्हें सम्मानित भी किया गया।



हिसार। साहित्यकार जयभगवान सैनी की पुस्तकों का विमोचन करते अतिथिगण।

जीवन निर्माण में भी वास्तु शास्त्र का महत्वपूर्ण योगदान

हिसार। सामाजिक संस्था सजग एवं हैप्पीनेस एंड काउंसलिंग रिसर्च सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित छह दिवसीय निशुल्क वास्तु एवं हैप्पीनेस वर्कशॉप का सोमवार को मलिक चौक स्थित संस्था के कार्यालय वास्तु हब में शुभारंभ हुआ। वर्कशॉप का शुभारंभ वास्तु सिद्धांतों के अनुरूप तैयार किए गए भवन के 3-डी मॉडल के माध्यम से किया गया। सजग के प्रदेशाध्यक्ष, वास्तुविद एवं काउंसलर सत्य पाल अग्रवाल ने स्वागत संबोधन में कहा कि भवन निर्माण में भारतीय वास्तु शास्त्र के सिद्धांतों तथा जीवन निर्माण में प्राचीन प्राकृतिक संतुलन और नियमों का पालन कर सुख, शांति और समृद्ध जीवन जीने का प्रयास किया जा सकता है। वर्कशॉप के प्रथम दिन वास्तुविद एवं काउंसलर सत्य पाल अग्रवाल, डिजाइनर प्रीति मित्तल एवं उनकी टीम ने लोगों के घरों तथा कमर्शियल साइट्स के नक्शों का अवलोकन कर वास्तु से संबंधित जिज्ञासाओं का समाधान किया।



विजिलेंस एवं मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक 10 को

हिसार। अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम नियम 1995 के तहत जिला स्तरीय विजिलेंस एवं मॉनिटरिंग कमेटी की त्रैमासिक बैठक का आयोजन 10 अक्टूबर को किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि उपायुक्त महेंद्र पाल की अध्यक्षता में यह बैठक सुबह 11 बजे लघु सचिवालय स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंस सभागार में आयोजित की जाएगी। बैठक में अनुसूचित जाति एवं जनजाति से जुड़े मामलों की समीक्षा, प्राप्त शिकायतों पर की गई कार्रवाई तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा लंबित मामलों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। बैठक में संबंधित विभागो के अधिकारी एवं कमेटी के सभी सदस्य उपस्थित रहेंगे।

सूचना

मैं, सुभाष पुत्र श्री महाबीर, निवासी गांव किरतान, उप-तहसील बालसमंद, जिला हिसार (हरियाणा) बयान करता हूं कि मेरा पुत्र प्रेम कुमार मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

अतिरिक्त आयुक्त डॉ. वेद प्रकाश की अध्यक्षता में हुई बैठक में बनी रूपरेखा

सफाई महाकुंभ में 5 हजार लोग एक साथ श्रमदान कर बनाएंगे रिकॉर्ड

हिसार। जिले में चल रहे 'सेवा संकल्प अभियान' को जन-आंदोलन बनाने के उद्देश्य से सोमवार को अतिरिक्त आयुक्त डॉ. वेद प्रकाश की अध्यक्षता में एक विशेष समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अतिरिक्त आयुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा सहित शहर के विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, शैक्षणिक एवं स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलेगा अभियान बैठक को संबोधित करते हुए अतिरिक्त आयुक्त डॉ. वेद प्रकाश ने बताया कि पूरे हरियाणा में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक 'सेवा संकल्प अभियान' चलाया जा रहा है। मुख्य उद्देश्य स्वच्छता, कचरा सेग्रीगेशन व निस्तारण, नशा मुक्ति, सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देना और श्रमदान के जरिए सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करना है। डॉ. वेद प्रकाश ने बताया कि अभियान के तहत हिसार में एक भव्य 'सफाई महाकुंभ' आयोजित किया जाएगा, जिसमें 5,000 से अधिक नागरिक एक साथ श्रमदान करेंगे। इसके लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने हिसारवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पंजीकरण करवाकर इस महाअभियान का हिस्सा बनने का आह्वान किया।



पंजाबी भाषा सीखने के प्रति बच्चों व अभिभावकों में दिखा उत्साह

हिसार। बाबा जोध सचियार सेवा समिति द्वारा अग्रसेन भवन में आयोजित 10वें महान संत समागम के दौरान 'बाबा बंदा बहादर स्टडी सर्कल, नई दिल्ली' की ओर से सांस्कृतिक कैंप लगाया गया। संस्था इंचार्ज भूपेंद्र सिंह कमला व परमजीत सिंह कमला के मार्गदर्शन में लगाए गए इस कैंप में 200 से अधिक बच्चों ने पंजाबी भाषा सीखने में रुचि दिखाई। कैंप में गौरव भुटानी, अमरजीत पाहवा, बंटी भ्याना, पूजा भुटानी, अर्चना भुटानी व प्रीत भुटानी ने सेवाएं दीं। आयोजकों द्वारा बच्चों और अभिभावकों को सिख धर्म के इतिहास, दसों गुरु साहिबान, मूल मंत्र व पांच ककार आदि के बारे में जानकारी दी गई। विशेष आकर्षण के रूप में बच्चों को पंजाबी वर्णमाला व वाहेगुरु लिखे कागजों में रंग भरने की गतिविधि कराई गई और उन्हें पुरस्कार बांटे गए।



समस्याओं के तत्काल समाधान के दिए निर्देश

हिसार। लघु सचिवालय स्थित जिला सभागार में आमजन की समस्याओं का मौके पर समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोमवार को समाधान शिविर आयोजित किया गया। इसमें काफी संख्या में लोग अपनी शिकातें लेकर पहुंचे। उपायुक्त महेंद्र पाल ने शिविर में पहुंचे नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। समाधान शिविर में कुल 13 शिकायतें पंजीकृत हुई। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त शालिनी चेतल, नगराधीश रोहित कुमार, जिला परिषद सीईओ सुभाष चंद्र, नगर निगम अतिरिक्त आयुक्त प्रदीप हुड्डा, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र कुमार, सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।



हिसार। अग्रसेन भवन ट्रस्ट की बैठक में उपस्थित प्रधान अंजनी कुमार खारियावाला व अन्य गणमान्य नागरिक।

जयंती पर झांकियों के जरिये दिखाया जाएगा महाराजा अग्रसेन का जीवन

हिसार। अग्रसेन भवन ट्रस्ट की बैठक प्रधान अंजनी कुमार खारियावाला की अध्यक्षता में हुई। इसमें नगर के अनेक गणमान्य लोगों ने भाग लिया। बैठक में 11 अक्टूबर को सायं 5 बजे भवन प्रांगण में मनाये जाने वाले महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव बारे चर्चा करके रुपरेखा बनाई गई। ट्रस्ट के प्रधान अंजनी कुमार खारियावाला ने बताया कि महोत्सव में देश भर में प्रसिद्ध काकाजी ग्रुप के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। इस दौरान महाराजा अग्रसैन के जीवन को झांकियों के माध्यम से विस्तारपूर्वक दिखाया जाएगा। साथ ही दर्जनों कलाकार मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। समारोह में स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल, विधायक सावित्री जिंदल, पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता व हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के अध्यक्ष बजरंग दास गर्ग अतिथि के रुप में उपस्थित होंगे। बैठक में ट्रस्ट के उपप्रधान प्यारेलाल लाहौरिया, कोषाध्यक्ष रामनिवास कोहलीवाला, रामकुमार, एन.के गोयल, जगदीश तायल, कृष्ण खारिया, प्रवीन कुमार जैन, सुरेन्द्र कुमार दूर्जनपुरिया, शिव कुमार अग्रवाल, सुरेन्द्र बागड़ी, देवेन्द्र गर्ग, अंजनी कोहलीवाला, देवीराम जिंदल, अनिता जैन, नीतू जैन, साधना गोयन्का, कमलेश गर्ग, आरती बंसल, पूजा बंसल, पल्लवी जैन, कल्पना जैन, एकता गर्ग, मीनू, कविता आदि उपस्थित रहे।

हर इंसान पौधे लगाकर देखभाल करे : गोयल

हिसार। मनोहर लाल ज्ञानी देवी जनकल्याण सोसायटी, सरसौद की ओर से 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान चलाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। अभियान के तहत गांव के प्राचीन कुएं एवं गुगा मेड़ी परिसर में सोसायटी के प्रधान मदनलाल गोयल ने त्रिवेणी, बेलपत्र सहित विभिन्न पौधों का पौधारोपण किया। इस अवसर पर ललित गोयल सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। पौधारोपण के उपरांत प्रधान मदनलाल गोयल ने कहा कि पेड़-पौधे मानव जीवन का आधार हैं। पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी समुचित देखभाल भी करनी चाहिए। उन्होंने सभी ग्रामीणों से इस अभियान से जुडने और अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान देने का आह्वान किया।



JINDAL STEEL

फिजिकल शेयरधारकों को सूचना
फिजिकल सिक्योरिटीज के हस्तांतरण और डिमैटीरियलाइजेशन हेतु स्पेशल विंडो

सेबी सरकुलर नं. HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/I/3750/2026 दिनांक 30 जनवरी 2026 के अनुसरण में, शेयरधारकों को सूचित किया जाता है कि एक वर्ष की अवधि के लिए, 05 फरवरी 2026 से 04 फरवरी 2027 तक एक स्पेशल विंडो खोली गई है, यह विंडो उन फिजिकल सिक्योरिटीज के हस्तांतरण और डिमैटीरियलाइजेशन को आसान बनाने के उद्देश्य से है, जो दस्तावेजों में कमी, प्रक्रियात्मक मुद्दों, अथवा 01 अप्रैल 2019 से पहले अन्य कारणों की वजह से पूर्व में निरस्त कर दी गई थी, वापस लौटा दी गई थी, अथवा कार्यवाही रहित रह गई थी। प्रस्तुतीकरण की प्रासंगिकता के सम्बन्ध में निम्नलिखित मैट्रिक्स देखें :

ट्रांसफर डीड की निष्पादन तिथि	01 अप्रैल 2019 से पूर्व हस्तांतरण हेतु प्रस्तुत की गई ?	मूल सिक्योरिटी सर्टिफिकेट उपलब्ध ?	वर्तमान विंडो में प्रस्तुत करने के लिए पात्र ?
01 अप्रैल 2019 से पूर्व	नहीं (यह नया प्रस्तुतीकरण है)	हाँ	हाँ
	हाँ (यह निरस्त कर दी गई/पूर्व में लौटा दी गई थी)	हाँ	हाँ
	हाँ	नहीं	नहीं
	नहीं	नहीं	नहीं

कृपया ध्यान दें कि जिन आग्रह(ों) के साथ मूल सर्टिफिकेट(एस) सहित ट्रांसफर डीड्स और सम्बद्ध समर्थित दस्तावेज होंगे, केवल उन्हीं पर इस स्पेशल विंडो के तहत विचार किया जाएगा। इस प्रकार हस्तांतरित की गई सिक्योरिटीज को केवल डिमैट मोड में हस्तांतरिती को अनिवार्य रूप से क्रेडिटेड की जाएंगी और हस्तांतरण के पंजीकरण की तिथि से एक वर्ष की अवधि के लिए लॉक-इन के अधीन होंगी। इस लॉक-इन अवधि के दौरान, सिक्योरिटीज को हस्तांतरित, धारणाधिकार-मार्कड, अथवा गिरवीकृत नहीं किया जा सकता।

मूल हस्तांतरण दस्तावेजों, के साथ-साथ सही किए गए अथवा छूटे हुए विवरण हमारे रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट ("आरटीए") के पास निम्नलिखित पते पर जमा करवाएं :-
अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड
अलंकित हाइट्स, 205-208, अनारकली कॉम्प्लैक्स, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110055
ईमेल - ramap@alankit.com, टोल फ्री नंबर - 011-42541234

कृते जिन्दल स्टील लिमिटेड
(पूर्व में जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड के रूप में जानी जाती)
हस्ता/-
दामोदर मित्तल
पूर्णकालिक निदेशक
डीआईएन : 00171650

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 05 अक्तूबर, 2026

जिन्दल स्टील लिमिटेड
(पूर्व में जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड के रूप में जानी जाती)
(CIN: L27105HR1979PLC009913)
पंजी. कार्यालय : ओ.पी. जिन्दल मार्ग, हिसार-125005 (हरियाणा)
कॉर्पोरेट कार्यालय : जिन्दल सेंटर, 12, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली-110066
Phone: +91 11 41462000 | Fax: +91 11 26161271 | Email: contactus@jindalsteel.in
Website: www.jindalsteel.in
jindalsteel_ jindal_steel jindalsteellimited jindalsteel_ jindalsteel_

खबर संक्षेप



ऑनरेरी निरीक्षक बनने पर रमेश के कंधे पर स्टार लगाते एसपी सिद्धांत जैन।

ईएसआई अशोक कुमार बने ऑनरेरी इंस्पेक्टर

हिसार। यातायात पुलिस बरवाला में तैनात ईएसआई अशोक कुमार को ऑनरेरी इंस्पेक्टर बनाए जाने पर पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने उनके कंधे पर स्टार लगाकर पदोन्नति की बधाई दी। एसपी ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने कहा कि पदोन्नति किसी भी पुलिस अधिकारी या कर्मचारी की मेहनत, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और विभाग के प्रति समर्पण का सम्मान है।

डॉ. अक्षत सेतिया ने नीट पीजी में पाया 244वां रैंक

बरवाला। नेशनल बोर्ड आफ एग्जामिनेशन मेडिकल साइंसेज द्वारा आयोजित नीट पीजी 2026 की परीक्षा में वार्ड नं. 11 निवासी डॉ.अक्षत सेतिया ने ऑल इंडिया में 244 वां रैंक प्राप्त करके अपने परिजनों समेत बरवाला शहर का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि से डॉ.अक्षत सेतिया ने एम.डी. में अपना दाखिला सुनिश्चित कर लिया है और डा. अक्षत सेतिया के आवास पर बधाइयां देने वालों का तांता लगा हुआ है। उल्लेखनीय है कि डॉक्टर अक्षत सेतिया के पिता सुरेंद्र सेतिया स्वास्थ्य विभाग में टेक्निकल ऑफिसर के पद से सेवानिवृत हैं और माता सीमा सेतिया राजकीय प्राथमिक पाठशाला बधावड में मुख्य शिक्षका के पद पर कार्यरत है। डा. अक्षत सेतिया ने सफदरगंज अस्पताल नई दिल्ली से एमबीबीएस की डिग्री हासिल की है।



बैडमिंटन में होली चाइल्ड का शानदार प्रदर्शन

हिसार। सीबीएसई इंटर स्कूल सहोदय बैडमिंटन कॉम्पिटिशन में होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय की कक्षा 11वीं की छात्रा पल्लवी एवं कक्षा 10वीं की छात्रा निशा ने कॉम्पिटिशन में उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। विद्यालय के निदेशक आर.एस. सिंधु ने छात्राओं को उनकी शानदार उपलब्धि पर बधाई दी।

कराटे में आराध्या व भुविक ने जीते कांस्य पदक

हिसार। दिल्ली पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने कराटे प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का गौरव बढ़ाया। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित 25वीं हरियाणा राज्य कराटे चैंपियनशिप-2026 में विद्यालय की आराध्या दलाल तथा भुविक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किए। इस उपलब्धि के साथ आराध्या दलाल और भुविक का चयन राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप-2026 के लिए भी हुआ है, जो विद्यालय के लिए विशेष गौरव का विषय है। विद्यालय प्रधानाचार्या मंजु सुधाकर ने विजेता खिलाड़ियों और प्रशिक्षक सचिन वर्मा को बधाई दी

शिक्षा मंत्री ने जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में समस्याओं का किया समाधान

14 एकड़ खेतों के कच्चे रास्ते को पक्का करने के निर्देश

- सात शिकायतों का मौके पर समाधान, तीन मामलों में जांच के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

प्रदेश के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने सोमवार को एसडी महिला महाविद्यालय में आयोजित जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए नागरिकों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में कुल 10 परिवादो की सुनवाई की गई , जिनमें से सात का मौके पर ही समाधान किया गया, जबकि शेष तीन परिवादो के संबंध में जांच कर अगली बैठक में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने बास बादशाहपुर गांव के किसानों की मांग पर 14 एकड़ खेतों तक जाने वाले कच्चे रास्ते को पक्का करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को अपने खेतों तक आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। बैठक में डीसी राहुल नरवाल, एसपी विनोद कुमार, एडीसी लक्षित सरीन, जिला परिषद अध्यक्ष सोनू सिहाग डाटा, नगर परिषद के अध्यक्ष प्रवीण इलाहाबादी, एसडीएम राजेश खोथ, सीटीएम हिमांशु चौहान, डीडीपीओ संदीप भारद्वाज, सिविल सर्जन डॉ राहुल बुद्धिराजा, डीआरओ राजकुमार, डीईटीसी तरुणा लांबा, रोशन लाल श्योराण, विनोद श्योराण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक सैनी,भाजपा जिला महामंत्री धर्मवीर रतेरिया, बिजेंद्र लोहान, राजनीतिक सलाहकार दिनेश भूटानी, तनुज खुराना,गोल्डी सैनी,विजय सैनी सहित भाजपा के अनेकों पदाधिकारी व परिवादी उपस्थित रहे।





हांसी। जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में जनसमस्याएं सुनते शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, विधायक विनोद भयाना, डीसी राहुल नरवाल व एसपी विनोद कुमार व समिति की बैठक में अपनी समस्या रखती महिला फरियादी।

जमीन की दोबारा निशानदेही के निर्देश

मसूदपुर गांव निवासी रामरति देवी द्वारा जमीन की निशानदेही से संबंधित शिकायत प्रस्तुत की गई। शिक्षा मंत्री ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जमीन की निशानदेही का कार्य दोबारा करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने इस कार्य की जिम्मेदारी एसडीएम को सौंपते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतकर्ता को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसलिए जमीन की निशानदेही का कार्य निशुल्क करवाया जाए।

सिंधड़ में बिजली लाइन बिछाने के निर्देश

सिंधड़ गांव निवासी सुभाष द्वारा प्रस्तुत की गई शिकायत पर शिक्षा मंत्री ने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतकर्ता की समस्या का समाधान करते हुए फसल कटाई के बाद बिजली लाइन बिछाने का कार्य पूरा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्धारित प्रक्रिया के तहत कार्य को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए।

फसल बीमा क्लेम मामले में जांच के निर्देश

सिंघवा राघो गांव निवासी राजकुमार ने फसल नुकसान का बीमा क्लेम दिलवाने संबंधी शिकायत रखी। संबंधित विभाग के अधिकारियों ने बताया कि शिकायतकर्ता को बीमा क्लेम की राशि उपलब्ध करवाई जा चुकी है। शिकायतकर्ता की मांग पर शिक्षा मंत्री ने एसडीएम को पूरे मामले की जांच कर उपायुक्त को रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

खेड़ी जालब के मामले में तीन सदस्यीय कमेटी गठित

गांव खेड़ी जालब निवासी रामविलास द्वारा प्रस्तुत शिकायत पर शिक्षा मंत्री ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच के लिए जिला परिवेदना समिति के तीन सदस्यों की कमेटी गठित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कमेटी को मामले की जांच कर उपायुक्त को रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, ताकि तथ्यों के आधार पर उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

अवैध कब्जे की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश

हांसी निवासी विनोद कुमार ने शिकायत प्रस्तुत करते हुए बताया कि उनके प्लाट पर किसी अन्य व्यक्ति द्वारा अवैध कब्जा किया गया है। उन्होंने अवैध कब्जा हटवाकर उन्हें जमीन का कब्जा दिलवाने की मांग रखी। शिक्षा मंत्री ने शिकायत का संज्ञान लेते हुए पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मामले में तुरंत कार्रवाई करते हुए अवैध कब्जा हटवाया जाए और वास्तविक जमीन मालिक को उसका कब्जा दिलवाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अवैध कब्जा करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए।

खेतों में नहीं लगने देंगे हाईटेंशन लाइन

- भोजराज के किसानों ने बैठक कर सर्वसम्मति से लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

निकटवर्ती गांव भोजराज में किसानों की बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि गांव कंवारी से भोजराज तक सौर ऊर्जा की हाई टेंशन लाइन बिछाने का विरोध किया जाएगा। किसानों ने स्पष्ट कहा कि वे अपने गांव भोजराज के खेतों में किसी भी कीमत पर हाई टेंशन लाइन के तार नहीं लगने देंगे। किसानों ने कहा कि खेतों में हाई टेंशन लाइन लगने से उन्हें भारी नुकसान होगा। इसलिए गांव के किसान इस लाइन को अपने खेतों से गुजरने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए इस लाइन को गांव के खेतों में नहीं लगाया जाना चाहिए। बैठक में अनूप नंबरदार, उमेद सिंह, सुभाष भांभु, बलजीत मील, विजय सिंह फगेड़िया, बहादुर सिंह मेहला, रणधीर मील, राजबीर भांभु, जयवीर मील, धूपसिंह खलेरी, विनोद फगेड़िया, विकास ढांडा आदि मौजूद रहे।



हिसार। भोजराज गांव में सौर ऊर्जा की हाई टेंशन लाइन का विरोध करते किसान।



मार्केट कमेटी के सचिव को ज्ञापन देते किसान सभा के नेता व कार्यकर्ता।

एमएसपी पर खरीद को लेकर प्रदर्शन

हिसार। फसलों की खरीद एमएसपी पर करने और किसानों को डीएपी व यूरिया उपलब्ध करवाने की मांग को लेकर अखिल भारतीय किसान सभा तहसील हिसार के नेतृत्व में किसानों ने सोमवार को नई अनाज मंडी स्थित मार्केट कमेटी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में सैकड़ों किसानों ने भाग लिया। किसान सभा ने आरोप लगाया कि खरीफ की कोई भी फसल अभी तक एमएसपी पर नहीं खरीदी गई है और किसानों की फसलों को औने-पौने दाम पर खरीदा जा रहा है। किसानों ने मंडी में फसलों की खरीद नहीं होने और एमएसपी पर खरीद न किए जाने को लेकर सरकार के खिलाफ रोष जताया। प्रदर्शन के बाद किसानों ने मार्केट कमेटी सचिव को ज्ञापन सौंपा।

प्रदेश का छोरा यूएन में देगा सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौंद

प्रदेश के हांसी जिले के गांव बुडाना निवासी भारतीय सेना में मेजर मोहित ढांडा का चयन संयुक्त राष्ट्र संघ के लिए हुआ है। जोकि प्रदेश के लिए गर्व की बात है कि अब वह अपनी कौशल का परिचय संयुक्त राष्ट्र संघ में देंगे। भारतीय सेना के मेजर और बाहरा खाप के अंतर्गत आने वाले गांव बुडाना के बेटे मेजर मोहित ढांडा बचपन से ही सेवा में जाकर देश के लिए काम करना चाहते थे। उन्होंने दिल्ली यूनिवर्सिटी से बीएससी की पढ़ाई पूरी की और उसके बाद सेना के तोपखाना 226 रेजीमेंट में भर्ती हो गए थे। फिलहाल उनकी पोस्टिंग मेरठ में थी। सेना की तरफ से एक टेस्ट लिया जाता है। मेरिट में आने वाले अधिकारी को संयुक्त राष्ट्र संघ भेजा जाता है। जब वह सेना में कैप्टन थे तो उन्होंने टेस्ट दिया था, मोहित ढांडा ने टेस्ट को पास कर मेरिट हासिल की और अब वह संयुक्त राष्ट्र संघ में अपनी सेवाएं देंगे।

मेजर मोहित ढांडा के पिता सेवानिवृत्त सयुक्त निदेशक विद्यालय शिक्षा हरियाणा जयवीर सिंह ढांडा ने बताया कि ये गांव और देश सभी के लिए गौरव की बात हैं। उनका सपना था कि वह सेना में भर्ती होकर देश का नाम रोशन करें। पूरे देश में मेजर के तौर पर एक अधिकारी की मांग की गई थी जिसमें उनका चयन हुआ है।



मोहित ढांडा।

- मेजर मोहित ढांडा की नियुक्ति से बढ़ेगा देश का मान

ढांडा ने रेजिमेंट का किया नाम रोशन

मोहित ढांडा सेना के उन चुनिंदा अधिकारियों में हैं जिन्होंने सेना के बहुत ही प्रतिष्ठ कोर्स इंस्ट्रक्टर गनरी एवं स्टाफ कॉलेज दोनों ही पहली बार में अच्छे ग्रेड में पास कर अपनी रेजिमेंट का नाम रोशन किया है। अब भारतीय सेना ने मेजर मोहित ढांडा को सेना की और से संयुक्त राष्ट्र संघ में सेवा के लिया चुना है। जो अगले सप्ताह यूएन में अपनी सेवा आरम्भ कर देंगे।

हिसार स्क्वैश क्लब ने जीते 6 पदक

- एसजीएफआई स्टेट में जीते 5 गोल्ड और 1 सिल्वर
- मोक्ष परिहार ने जीता पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

हिसार स्क्वैश क्लब ने फरीदाबाद में आयोजित हरियाणा स्टेट स्कूल गेम्स (एसजीएफआई) में अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए इतिहास रच दिया है। क्लब के खिलाड़ियों ने कुल 6 में से 5 स्वर्ण और 1 रजत पदक जीतकर पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। प्रतियोगिता के तहत अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 के मुकाबले फरीदाबाद में आयोजित किए गए थे। हिसार ने अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 बालिका वर्ग में स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया, वहीं अंडर-19 बालक वर्ग में रजत पदक प्राप्त किया। इन सभी पदक विजेता खिलाड़ियों का चयन हरियाणा की राष्ट्रीय टीम के लिए हुआ है, जो आगामी जनवरी में आयोजित होने वाले एसजीएफआई नेशनल गेम्स में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। वर्तमान में क्लब के सभी खिलाड़ी भारत की टॉप-40 रैंकिंग में शामिल हैं। वहीं होनहार खिलाड़ी आध्या ग्रोवर अंडर-13 वर्ग में देश भर में तीसरी रैंकिंग पर हैं। इस उपलब्धि पर शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों, हिसार के प्रशासनिक अधिकारियों और क्लब के संस्थापक डॉ. यशवंत सिंह ने खिलाड़ियों व उनके अभिभावकों को बधाई दी। खिलाड़ियों के इस प्रदर्शन के पीछे क्वालिफाइड स्क्वैश कोच डॉ. दीपक दलाल, रमन, डॉ. दांडी और देवेन्द्र कालेर सर का कुशल मार्गदर्शन रहा।



हिसार। स्कवैश की विजेता टीम।



नारनौंद। सृष्टि स्कूल के खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए शिक्षा मंत्री महिपाल सिंह ढांडा व अन्य।

सृष्टि स्कूल के गोल्ड विजेता खिलाड़ियों को शिक्षा मंत्री ढांडा ने किया सम्मानित

नारनौंद। उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ में आयोजित सीबीएसई नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप में सृष्टि इंटरनेशनल स्पोर्ट्स स्कूल, मोठ की अंडर-17 छात्र वर्ग की कबड्डी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। विजेता रहने वाले सभी खिलाड़ियों को प्रदेश के शिक्षा मंत्री महिपाल सिंह ढांडा ने मेडल पहनकर सम्मानित किया। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देशभर के विभिन्न राज्यों के प्रतिष्ठित विद्यालयों की टीमों ने हिस्सा लिया। सृष्टि स्कूल की टीम ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार खेल कौशल, अनुशासन, टीम भावना और उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय देते हुए लगातार मुकाबलों में जीत दर्ज की और नेशनल चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों में मोहित लोहान, यशदीप, यश लोहान, साहिल, नवीन, आर्यन, दुर्वेश, यमन, विनय, अतुल एवं केशव शामिल हैं। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री बिजेंद्र सिंह लोहान, प्रबंधक अनूप लोहान, घनश्याम वर्मा, कोच सुभाष, एवं प्रदीप जागलान, दीपक बडाला, हरिपाल बिसला सहित अन्य गणमान्य एवं सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे।

जिंदल स्टेनलेस और इंडियन ऑयल के बीच बढ़ी साझेदारी

अगले 5 वर्षों के लिए लुब्रिकेंट साझेदारी जारी रखने पर सहमति जताई



हिसार। सांझेदारी के मौके पर उपस्थित दोनों कंपनी के अधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

जिंदल स्टेनलेस और इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) ने अपनी लुब्रिकेंट्स वेंडर मैनेज्ड इन्वेंटरी (वीएमआई) और कंज्यूमर्स ऑपरेटेड ल्यूब डिपो (सीओएलडी) साझेदारी को अगले पांच वर्षों के लिए आगे बढ़ाने पर सहमति जताई है। इस निर्णय से दोनों दिग्गज कंपनियों के बीच लंबे समय से चले आ रहे रणनीतिक संबंध और अधिक मजबूत होंगे।

गुणवत्ता और भरोसे का मजबूत प्रतीकः अभ्युदय जिंदल

साझेदारी के विस्तार पर जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने कहा कि इंडियन ऑयल के साथ उनका दीर्घकालिक संबंध गुणवत्ता, भरोसे और आधुनिक तकनीक के प्रति साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस समझौते से दोनों कंपनियों को औद्योगिक जरूरतों के अनुसार नए तकनीकी अवसरों को तलाशने और आपसी सहयोग को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

एचकेएसडी गर्ल्स स्कूल में क्विज का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

- विवेकानंद हाउस रहा प्रथम

नागोरी गेट स्थित एचकेएसडी गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में इंटर हाउस सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता व कबीर हाऊस संत सुखदासजी विषय पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया जिसमें जिसमें सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढक़र भाग लिया। इंटर हाऊस सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में कक्षा छठी से आठवीं वर्ग में विवकानंद सदन प्रथम, गांधी सदन एवं लक्ष्मीबाई सदन संयुक्त रुप से द्वितीय रहे। कक्षा पहली से पांचवीं के वर्ग में लक्ष्मीबाई सदन प्रथम व कबीर सदन और विवेकानंद सदन संयुक्त रुप से द्वितीय रहे। स्कूल की प्राचार्या रेनु मल्होत्रा ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

लुवास में डेयरी और खाद्य विज्ञान में गैर-तापीय तकनीक से नैनो-प्रौद्योगिकी तक पर मंथन

विशेषज्ञों ने खाद्य गुणवत्ता, सुरक्षा और मानकीकरण को लेकर साझा किए नए शोध व तकनीकी अनुभव

डेयरी और खाद्य विज्ञान तेजी से विकसित होने वाला क्षेत्र : वीसी

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

डेयरी एवं खाद्य विज्ञान के क्षेत्र में बदलती उपभोक्ता जरूरतों और तकनीकी विकास के बीच भविष्य की संभावनाओं को लेकर लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मंथन हुआ। डेयरी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के डेयरी रसायन विभाग की ओर से डेयरी विज्ञान, खाद्य विज्ञान एवं गुणवत्ता आश्वासन में उभरते रुझान विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में विशेषज्ञों ने विचार साझा किए। संगोष्ठी के तकनीकी सत्र में ऑस्ट्रेलिया स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ क्वींसलैंड की प्रोफेसर निधि बंसल ने ऑनलाइन माध्यम से नेक्स्ट-जेनरेशन डेयरी प्रोसेसिंगः द रोल ऑफ नॉन-थर्मल टेक्नोलॉजीज एंड नॉन-बोवाइन मिल्क विषय पर व्याख्यान दिया।



हिसार। संगोष्ठी को संबोधित करते कुलपति प्रो. विनोद कुमार वर्मा।

ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर पशु चिकित्सा महाविद्यालय के कुलसचिव डॉ. राम नजर चौधरी, अनुसंधान निदेशक डॉ. रजत गर्ग, महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. सुशीला मान, स्नातकोत्तर अधिष्ठाता डॉ. गौतम, मानव संसाधन एवं प्रबंधन निदेशिका डॉ. सोनिया सिंधु, पशु चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अनीश यादव, डेयरी रसायन विभाग की विभागाध्यक्ष व प्रधान वैज्ञानिक डॉ. मीनाक्षी विरमानी, आईपीवीएस निदेशक डॉ. संजय यादव एवं लेखा नियंत्रक विकास खरब सहित आदि उपस्थित रहे।

नवीन तकनीकों को बढ़ावा देना जरूरीः कुमार

कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा ने कहा कि डेयरी एवं खाद्य विज्ञान तेजी से विकसित होने वाला क्षेत्र है और बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप नवीन तकनीकों व अनुसंधान को बढ़ावा देना जरूरी है। खाद्य गुणवत्ता एवं सुरक्षा का सीधा संबंध जनस्वास्थ्य से है, इसलिए वैज्ञानिक अनुसंधान के परिणामों को प्रयोगशाला तक सीमित न रखकर किसानों, पशुपालकों और उद्योग तक पहुंचाना आवश्यक है।

टैलेंट सर्च प्रतियोगिता छात्र रवीना रही प्रथम

नारनौंद। राजकीय महाविद्यालय खेड़ी चोपटा में टैलेंट सर्च प्रतियोगिता के अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा सामान्य ज्ञान एवं विभिन्न विषयों से संबंधित प्रश्नों का उत्तर देकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा रवीना रही, एमए के छात्र फरीजा, रिंकू और अंकित ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। बीए तृतीय वर्ष की छात्रा महक, पायल एवं सलोनी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या पिंकी देवी ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी। प्रतियोगिता में क्विज मास्टर की भूमिका परवीन कुमार, सहायक प्रोफेसर, मुथरा सिंह सहायक प्रोफेसर, समाजशास्त्र ने निर्वहन की। इस अवसर पर क्विज प्रतियोगिता के प्रभारी डॉ. कृष्ण कुमार, प्राध्यापिका कुमारी बिमला देवी, प्राध्यापक मुनीश कुमार, बिजेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।